4 th class Hindi Bodh Ch.1 Ques.Ans

1)प्रश्नों के उत्तर बताओ___

क) देशभक्त बालक किसका दीवाना है?

उत्तर- देशभक्त बालक आजादी का दीवाना है।

ख) बालक किस का गुणगान करना चाहता है?

उत्तर- बालक अपनी मातृभूमि का गुणगान करना चाहता है।

ग) रणभूमि में पहुंचने पर बालक क्या बन जाएगा?

उत्तर- रणभूमि में पहुंचने पर बालक महाकाल(सब का विनाश करने वाला) बन जाएगा।

घ) बालक किसका दूत बनना चाहता है?

उत्तर- बालक शांति का दूत बनना चाहता है।

2. प्रश्नों के उत्तर लिखो_

क) बालक युद्ध का मैदान छोड़कर क्यों नहीं हटना चाहता?

उत्तर- देश के प्रति प्रेम, सम्मान व सेवा भाव के कारण बालक युद्ध का मैदान छोड़कर नहीं हटना चाहता है।

ख) बालक के महाकाल बन जाने से शत्रुओं पर क्या असर होगा?

उत्तर- बालक के महाकाल बन जाने से शत्रु डर से काँप जाएंगे।

ग) बालक किन भावों का सागर बनने की बात कह रहा है?

उत्तर- बालक शांति, प्रेम और दया भाव का सागर बनने की बात कह रहा है।

घ) देश की रक्षा के लिए क्या करना चाहता है?

उत्तर- बालक देश की रक्षा के लिए शांति का दूत बन जाएगा और यहाँ तक अपने प्राणों की आहुति भी दे देगा।